प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 05.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

......................

**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो** ने सैटेलाइट में आई तकनीकी ख़राबी के कारण यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के **प्रोबा–3** उपग्रहों के प्रक्षेपण के समय में बदलाव किया है। अब इसका प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से पी.एस.एल.वी. **सी–59** से आज शाम चार बजकर बारह मिनट पर किया जाएगा। इससे पहले, इसका प्रक्षेपण कल शाम चार बजकर आठ मिनट पर होने वाला था। दुनिया में अपनी तरह की पहल प्रोबा–3 में दो सैटेलाइट समाहित हैं। ये सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करने के लिए एक मिलीमीटर तक सटीक संरचना बनाए रखेंगे। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य सटीक संरचना में उड़ान भरना और सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करना है।

......................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय युवा मामले, खेल तथा श्रम औरं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उन्होंने श्री मांडविया के साथ प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास, रोजगार सृजन और खेल संबंधी बुनियादी ढांचे के विकास पर सार्थक चर्चा की।

......................

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा लिये जा रहे संकल्पो में सातवें संकल्प के रूप में मुख्यमंत्री ने समिट में प्रदेश की अनूठी कला और संस्कृति के प्रदर्शन की बात कही है। श्री शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में प्रदेश की उत्कृष्ट कला और गौरवशाली संस्कृति का प्रदर्शन, आयोजन की भव्यता को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि इससे, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश की कला और संस्कृति की लोकप्रियता बढ़ेगी।

......................

जयपुर मिलिट्री स्टेशन पर आज से **बिब एक्सपो** शुरू होने जा रहा है। सेना की सप्त शक्ति कमान की ओर से होने वाले इस दो दिवसीय एक्सपो में विभिन्न गतिविधियां होंगी। डिफेंस पीआरओ कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि एक्सपो में कई रोमांचक प्रदर्शन होंगे।

......................

भरतपुर जिले में कल से हरा भरा पोखर अभियान शुरू होगा। इसके लिए 60 ग्राम पंचायतों को चिन्हित किया गया है। जिला परिषद के सीईओ मृदुल सिंह ने बताया कि अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में ठोस और तरल कचरा प्रबंधन तथा पोखर सौंदर्यकरण के काम किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों तथा आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

......................

जयपुर में साथिन कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम **पंचायत संग साथिन** आयोजित किया जा रहा है। इसी के तहत कल महिला और बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने कार्यक्रम के दौरान साथिन कार्यकर्ताओं को पंचायतों को बच्चों तथा महिला हितेषी बनाने के निर्देश दिए। श्री सोनी ने कहा कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत एक अनूठी पहल के रूप में "पंचायत संग साथिन" प्रशिक्षण कार्यक्रम एक सार्थक आयोजन है। इसके माध्यम से पंचायत स्तर पर सकारात्मक भाव से महिला और बच्चों के विकास में साथिनें अपनी भूमिका का निर्वहन करें। यूनिसेफ के सहयोग से पंचायती राज विभाग, महिला अधिकारिता निदेशालय तथा मंजरी संस्थान की ओर से 33 जिलों की 66 साथिन कार्यकर्ताओं के लिए ये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इस अवसर पर पंचायती राज विभग के संयुक्त शासन सचिव गुरुदर्शन सिंह रमाना ने कहा कि महिला और बाल हितैषी पंचायत बनाने के लिए जिलों में इस तरह के पंचायत संग साथिन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे।

......................

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में मौसम शुष्क रहा। हालांकि रात के तापमान में अधिकतर स्थानों पर थोडी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे कम 6 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर में दर्ज किया गया। ज्यादातर जगहों पर रात का पारा 10 डिग्री के आस–पास बना हुआ है। राजधानी जयपुर में भी पारा गिरकर 12 दशमलव 8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि तापमान में और गिरावट की संभावना है।

......................

प्रदेशभर में 9 दिसम्बर को होने वाली सफाई कर्मचारी भर्ती परीक्षा निरस्त कर दी गई है। राज्य सरकार ने 23 हजार 820 पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती निकाली थी। सात दिन तक चले धरना प्रदर्शन के बाद सरकार ने जयपुर में होने वाली सफाई कर्मचारी भर्ती परीक्षा को हाल ही में स्थगित कर दिया था। राज्य में 13 नगर निगम, 36 नगर परिषद और 169 नगर पालिका बोर्ड और नगर पंचायत हैं। इन सभी में सफाई कर्मचारियों की भर्ती होनी थी। इसके लिए 27 नवम्बर तक आवेदन लिये गये थे। अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस प्रदेश शाखा ने सफाई कर्मचारी भर्ती परीक्षा रद्द करने की मांग की थी।

......................